CELEBRATING THE 10th YEAR OF EXCELLENCE

# भारतीय प्रबंधन संस्थान जम्मू

# Indian Institute of Management Jammu

## Spiritual Discourse on “Sampradaay” Delivered by H.H. Shrimat Sadyojat Shankarashram, Shrī Chitrāpur Math at the Indian Institute of Management Jammu

## “सम्प्रदाय” विषय पर आध्यात्मिक परवचन भारतीय परबंधन संस्थान जम्मू में सम्पन्न परमपूज्य शरीमद् सद्योजात शंकराशरम स्वामीजी, श्री चित्रापुर मठ द्वारा

**14th March 2026**



# Spiritual Discourse on "Sampradaay" Delivered by H.H. Shrimat Sadyojat Shankarashram, Shrī Chitrāpur Math at the Indian Institute of Management Jammu

The Indian Institute of Management Jammu hosted a spiritually enriching guest lecture by H.H. Shrimat Sadyojat Shankarashram., the revered spiritual head of Shrī Chitrāpur Math, at the Mandapam, IIM Jammu Auditorium on Saturday, 14 March 2026. The lecture was organized in collaboration with Ānandam – The Centre for Happiness, an initiative dedicated to nurturing well-being, mindfulness, and value-based learning among students and faculty. Prof. B. S. Sahay, Director, IIM Jammu, presided over the programme.

Delivering a deeply reflective and spiritually elevating discourse on the theme *Sampradaay*, H.H. Shrimat Sadyojat Shankarashram. illuminated the profound essence of tradition as a living and dynamic stream of wisdom that connects generations through knowledge, discipline, and inner awakening. He explained that *Sampradaay* is not merely a continuation of rituals or customs but a sacred lineage of knowledge and values transmitted through the Guru–Shishya Parampara, nurturing both intellectual growth and spiritual awareness.Swamiji elaborated that while modern education equips individuals with the skills required to succeed in the external world, the wisdom embedded in spiritual traditions guides individuals towards inner balance, clarity of thought, and compassionate action. Through Sanskrit chants and insightful reflections, he spoke about the deeper meaning of tradition and described *Sampradaay* as a living technique through which knowledge, experience, and values are meaningfully transmitted across generations.

Drawing parallels with management and life practices, he highlighted how the Guru–Shishya tradition represents a time-tested method of learning through experience and guidance. He also shared practical insights on understanding situations with clarity and finding balanced solutions in life. During the session, Swamiji demonstrated simple yet powerful breathing practices such as belly breathing, Bhastrika, and diaphragmatic breathing, explaining how these techniques help calm the mind, enhance focus, and promote inner happiness and well-being. Emphasizing the timeless relevance of India's spiritual heritage, he noted that traditions endure not through rigid preservation but through conscious understanding and sincere practice. Encouraging the younger generation to embrace this wisdom, he remarked that our traditions offer profound knowledge and values that must be passed on to future generations.

Prof. B. S. Sahay, Director, Indian Institute of Management Jammu, mentioned that it was a matter of great privilege for the institute to host H.H. Shrimat Sadyojat Shankarashram. of Shrī Chitrāpur Math and interact with the students and faculty staff, of IIM Jammu. He highlighted that the institute established Anandam – The Center for Happiness during the COVID-19 pandemic with the vision of nurturing inner well-being and value-based learning among students. The initiative was inaugurated Spiritual Guru Sri Sri Ravi Shankar, Founder, Art of Living Foundation; Shri Ramesh Pokhriyal, Former Hon'ble Union Minister of Education; Shri Manoj Sinha, Hon'ble Lieutenant Governor of the Union Territory of Jammu and Kashmir; and Padmashri Dr. Milind P. Kamble, Chairman, Board of Governors, IIM Jammu.He emphasized that India's culture and traditions form the foundation of its civilizational strength and must be preserved and celebrated. Referring to the visionary leadership of Narendra Modi Ji, The Hon'ble Prime Minister of India, he noted that India's rich heritage and traditions are being increasingly showcased on global platforms, strengthening national pride and cultural confidence. He further stated that at Indian Institute of Management Jammu, the pursuit of happiness and well-being forms an essential dimension of education. Through initiatives such as Anandam – The Center for Happiness, the institute strives to nurture professional excellence along with self-awareness, ethical values, and a deeper understanding of one's roots and identity. He remarked that the teachings and spiritual work of H.H. Shrimat Sadyojat Shankarashram. hold profound relevance for the younger generation and inspire students to take pride in the nation's rich cultural heritage while contributing meaningfully to society. He concluded by expressing heartfelt gratitude to H.H. Shrimat Sadyojat Shankarashram. and Shrī Chitrāpur Math for blessing the IIM Jammu community with their presence and wisdom.

Introducing Shrī Chitrāpur Math and the spiritual legacy of H.H. Shrimat Sadyojat Shankarashram., Cmde Chaitanya Shiroor highlighted the rich heritage and spiritual traditions of the Math and the enduring Guru–Shishya Parampara that continues to guide the community across generations. Prof. Shyam Narayan Lal, Chairperson, Anandam – The Centre for Happiness, and Prof. (Brig.) (Retd.) Neeraj Soni, Co-Chairperson, Anandam, IIM Jammu, along with officers, staff, and students graced the occasion

The programme began with opening remarks by Prof. (Brig.) (Retd.) Neeraj Soni, who highlighted the importance of engaging with spiritual thought leaders in shaping a balanced and enlightened perspective among future leaders. The lecture deeply resonated with the audience, offering students and participants a meaningful opportunity to reflect on the harmony between modern education, inner well-being, and timeless spiritual wisdom. The programme concluded with a vote of thanks delivered by Vijay Anant Kamble, Administrative Officer-Projects, IIM Jammu, who expressed heartfelt gratitude to H.H. Shrimat Sadyojat Shankarashram. for his enlightening and inspiring discourse. He also thanked all dignitaries, faculty members, students, and organizers for their enthusiastic participation in making the event a memorable and meaningful experience.

Following the session, an engaging interactive session and Q&A was held where students interacted with Swāmījī and sought insights on various aspects of tradition, spirituality, and contemporary life. Swāmījī also interacted personally with participants. During his visit, he toured the IIM Jammu campus, including the Nalanda Library and smart classrooms, and planted a Rudraksha sapling in the courtyard arena, symbolizing spiritual growth and environmental consciousness. The event reaffirmed the commitment of the Indian Institute of Management Jammu to holistic education, fostering meaningful dialogue that blends management learning with philosophical insight, cultural wisdom, and the pursuit of happiness and inner well-being.

## संप्रदाय" विषय पर आध्यात्मिक प्रवचन, श्री चित्रापुर मठ के परम पूज्य श्रीमत सद्योजात शंकराश्रम द्वारा भारतीय प्रबंधन संस्थान जम्मू में

भारतीय प्रबंधन संस्थान जम्मू में शनिवार, १४ मार्च २०२६ को मंडपम, भारतीय प्रबंधन संस्थान जम्मू सभागार में परमपूज्य श्रीमद् सद्योजात शंकराश्रम स्वामीजी, जो श्री चित्रापुर मठ के पूज्य आध्यात्मिक प्रमुख हैं, द्वारा "सम्प्रदाय" विषय पर एक अत्यंत प्रेरणादायी एवं आध्यात्मिक व्याख्यान आयोजित किया गया। इस व्याख्यान का आयोजन आनन्दम् – प्रसन्नता केंद्र के सहयोग से किया गया, जो विद्यार्थियों और संकाय सदस्यों के बीच कल्याण, सजगता और मूल्याधारित शिक्षण को प्रोत्साहित करने की एक पहल है। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. विद्या शंकर सहाय, निदेशक, भारतीय प्रबंधन संस्थान जम्मू ने की।

अपने गहन और आध्यात्मिक रूप से प्रेरणादायी प्रवचन में परमपूज्य स्वामीजी ने "सम्प्रदाय" की अवधारणा को स्पष्ट करते हुए बताया कि परंपरा केवल रीति-रिवाजों या प्रथाओं की निरंतरता मात्र नहीं है, बल्कि यह ज्ञान, अनुशासन और आंतरिक जागरण की एक जीवंत धारा है जो पीढ़ियों को जोड़ती है। उन्होंने कहा कि सम्प्रदाय गुरु–शिष्य परंपरा के माध्यम से ज्ञान और मूल्यों की पवित्र परंपरा का संचार करता है, जो बौद्धिक विकास के साथ-साथ आध्यात्मिक चेतना का भी पोषण करता है। स्वामीजी ने आगे कहा कि जहाँ आधुनिक शिक्षा व्यक्ति को बाह्य संसार में सफलता प्राप्त करने के लिए आवश्यक कौशल प्रदान करती है, वहीं आध्यात्मिक परंपराओं में निहित ज्ञान व्यक्ति को आंतरिक संतुलन, विचारों की स्पष्टता और करुणामय आचरण की दिशा में मार्गदर्शन प्रदान करता है। संस्कृत मंत्रोच्चार और गहन विचारों के माध्यम से उन्होंने परंपरा के गहरे अर्थ को समझाया और सम्प्रदाय को एक ऐसी जीवंत पद्धति बताया जिसके माध्यम से ज्ञान, अनुभव और मूल्य पीढ़ी दर पीढ़ी सार्थक रूप से संप्रेषित होते हैं।

जीवन और प्रबंधन के संदर्भों से उदाहरण प्रस्तुत करते हुए उन्होंने बताया कि गुरु–शिष्य परंपरा अनुभव और मार्गदर्शन के माध्यम से सीखने की एक समय-परीक्षित पद्धति है। उन्होंने जीवन की परिस्थितियों को स्पष्टता के साथ समझने और संतुलित समाधान खोजने के व्यावहारिक उपाय भी साझा किए। सत्र के दौरान स्वामीजी ने कुछ सरल किन्तु प्रभावशाली श्वास अभ्यासों—जैसे उदर श्वसन, भस्त्रिका तथा मध्यपट श्वसन—का प्रदर्शन किया और बताया कि ये अभ्यास मन को शांत करने, एकाग्रता बढ़ाने तथा आंतरिक प्रसन्नता और संतुलन को बढ़ावा देने में सहायक होते हैं। भारत की आध्यात्मिक विरासत की शाश्वत प्रासंगिकता पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि परंपराएँ केवल संरक्षण से नहीं, बल्कि जागरूक समझ और सच्चे अभ्यास से जीवित रहती हैं। उन्होंने युवाओं को इस ज्ञान को अपनाने और आने वाली पीढ़ियों तक पहुँचाने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर प्रो. विद्या शंकर सहाय, निदेशक, भारतीय प्रबंधन संस्थान जम्मू ने कहा कि संस्थान के लिए यह अत्यंत गौरव और सौभाग्य की बात है कि परमपूज्य श्रीमद् सद्योजात शंकराश्रम स्वामीजी, श्री चित्रापुर मठ से भारतीय प्रबंधन संस्थान जम्मू पधारे और उन्होंने विद्यार्थियों तथा संकाय सदस्यों के साथ संवाद किया। उन्होंने बताया कि संस्थान ने कोविड-19 महामारी के दौरान विद्यार्थियों के समग्र विकास और आंतरिक संतुलन को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आनन्दम् – प्रसन्नता केंद्र की स्थापना की थी। इस पहल का उद्घाटन आध्यात्मिक गुरु श्री श्री रविशंकर, आर्ट ऑफ लिविंग फाउंडेशन के संस्थापक; श्री रमेश पोखरियाल, पूर्व केंद्रीय शिक्षा मंत्री; श्री मनोज सिन्हा, जम्मू-कश्मीर संघ शासित प्रदेश के माननीय उपराज्यपाल; तथा पद्मश्री डॉ. मिलिंद पी. कांबले, अध्यक्ष, बोर्ड ऑफ गवर्नर्स, भारतीय प्रबंधन संस्थान जम्मू द्वारा किया गया था।

उन्होंने आगे कहा कि भारत की संस्कृति और परंपराएँ उसकी सभ्यतागत शक्ति की आधारशिला हैं और इन्हें संरक्षित तथा उत्सव के रूप में मनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि श्री नरेन्द्र मोदी जी, भारत के माननीय प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को वैश्विक मंचों पर नई पहचान मिल रही है, जिससे राष्ट्रीय गौरव और सांस्कृतिक आत्मविश्वास और अधिक सुदृढ़ हुआ है। उन्होंने यह भी कहा कि भारतीय प्रबंधन संस्थान जम्मू में शिक्षा के साथ-साथ आंतरिक संतुलन और प्रसन्नता को भी समान महत्व दिया जाता है। आनन्दम् – प्रसन्नता केंद्र जैसी पहलों के माध्यम से संस्थान पेशेवर उत्कृष्टता के साथ आत्म-जागरूकता, नैतिक मूल्यों और अपनी जड़ों की गहरी समझ को विकसित करने का प्रयास करता है। उन्होंने कहा कि परमपूज्य स्वामीजी की शिक्षाएँ युवा पीढ़ी के लिए अत्यंत प्रासंगिक हैं और विद्यार्थियों को राष्ट्र की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत पर गर्व करते हुए समाज के प्रति सार्थक योगदान देने के लिए प्रेरित करती हैं। अंत में उन्होंने परमपूज्य स्वामीजी तथा श्री चित्रापुर मठ के प्रति संस्थान की ओर से हार्दिक आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में कमोडोर चैतन्य शिरूर ने श्री चित्रापुर मठ की आध्यात्मिक परंपरा और परमपूज्य श्रीमद् सद्योजात शंकराश्रम स्वामीजी की आध्यात्मिक विरासत का परिचय देते हुए मठ की समृद्ध परंपरा और गुरु–शिष्य परंपरा की निरंतरता पर प्रकाश डाला। प्रो. श्याम नारायण लाल, अध्यक्ष, आनन्दम् – प्रसन्नता केंद्र; तथा प्रो. (ब्रिगेडियर) (सेवानिवृत्त) नीरज सोनी, सह-अध्यक्ष, आनन्दम्, भारतीय प्रबंधन संस्थान जम्मू सहित संस्थान के अधिकारी, कर्मचारी और विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का प्रारंभ प्रो. (ब्रिगेडियर) (सेवानिवृत्त) नीरज सोनी के उद्घाटन वक्तव्य से हुआ, जिसमें उन्होंने भावी नेतृत्व को संतुलित दृष्टिकोण प्रदान करने में आध्यात्मिक चिंतकों के साथ संवाद के महत्व पर प्रकाश डाला। यह व्याख्यान उपस्थित विद्यार्थियों और प्रतिभागियों के लिए अत्यंत प्रेरणादायक रहा और उन्हें आधुनिक शिक्षा, आंतरिक संतुलन तथा शाश्वत आध्यात्मिक ज्ञान के समन्वय पर चिंतन करने का अवसर प्रदान किया।

कार्यक्रम का समापन विजय अनंत कांबले, प्रशासनिक अधिकारी–परियोजनाएँ, भारतीय प्रबंधन संस्थान जम्मू द्वारा प्रस्तुत धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। उन्होंने परमपूज्य श्रीमद् सद्योजात शंकराश्रम स्वामीजी के प्रेरणादायी प्रवचन के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया तथा सभी अतिथियों, संकाय सदस्यों, विद्यार्थियों और आयोजकों का कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।

सत्र के पश्चात एक रोचक संवाद एवं प्रश्नोत्तर सत्र भी आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने स्वामीजी से परंपरा, आध्यात्मिकता और समकालीन जीवन से जुड़े विभिन्न विषयों पर मार्गदर्शन प्राप्त किया। स्वामीजी ने प्रतिभागियों से व्यक्तिगत रूप से भी संवाद किया। अपने संस्थान प्रवास के दौरान उन्होंने भारतीय प्रबंधन संस्थान जम्मू परिसर का भ्रमण किया, जिसमें नालंदा पुस्तकालय और आधुनिक कक्षाएँ शामिल थीं। उन्होंने परिसर के प्रांगण में रुद्राक्ष का एक पौधा भी रोपित किया, जो आध्यात्मिक विकास और पर्यावरणीय चेतना का प्रतीक है।

यह आयोजन भारतीय प्रबंधन संस्थान जम्मू की समग्र शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को पुनः स्थापित करता है, जिसमें प्रबंधन शिक्षा के साथ दार्शनिक दृष्टि, सांस्कृतिक ज्ञान और आंतरिक प्रसन्नता की खोज को भी समान महत्व दिया जाता है।

**Glimpses from the Spiritual Discourse on "Sampradaay" Delivered by H.H. Shrimat Sadyojat Shankarashram. at the Indian Institute of Management Jammu**

**भारतीय प्रबंधन संस्थान जम्मू में परमपूज्य श्रीमद् सद्योजात शंकराश्रम स्वामीजी द्वारा "सम्प्रदाय" विषय पर दिए गए आध्यात्मिक प्रवचन की झलकियाँ**


















EFMD ACCREDITED | MBA
IIM
JAMMU
सा विद्या या विमुक्तये




EFMD
ACCREDITED
MBA




EFMD ACCREDITED
MBA


EFMD MBA
IIM JAMMU WELCOMES
PARAMA PŪJYA SHRĪMAT SADYOJĀT SHAṄKARĀSHRAM SWAMĪ JĪ
MATHĀDHIPATI, SHRĪ CHITRĀPUR MATH (ESTD 1708)




Know More: www.chitrapurmath


EFMD ACCREDITED
MBA
IIM
JAMMU
सा विद्या या विमुक्तये










SELF
CHECK





IIM JAMMU
सा विद्या या विमुक्तये
10 Years
CELEBRATING THE 10th YEAR OF EXCELLENCE

## भारतीय प्रबंधन संस्थान जम्मू

## Indian Institute of Management Jammu

Jagti, Jammu-181221, India

